Girls' High School and College, Prayagraj

Work Sheet - No. 7

Session - (2020-21)

Class - 3 (A-F)

Subject - Hindi (व्याकरण)

Topic - पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

निर्देश: अभिभावकों से यह अपेक्षा की जाती है कि छात्राएँ पाठ- 'पर्यायवाची शब्द' तथा 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के विषय में बताए गए विवरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर समझें व दिए गए अभ्यास कार्य को लिखकर पूर्ण करें।

पाठ-17 **पर्यायवाची शब्द**

बच्चों! एक वस्तु के कई नाम हो सकते हैं, पर उनका अर्थ एक ही होता है। ऐसे शब्दों को 'पर्यायवाची शब्द' कहते हैं। जैसे - लड़की' लड़की को कन्या या बालिका भी कहते हैं, पर इन शब्दों के अर्थ समान हैं।

परिभाषा: जो शब्द वस्तुओं का अपने समान अर्थ बताते हैं, उन्हें 'पर्यायवाची शब्द' कहते हैं। पर्यायवाची शब्दों को 'समानार्थक शब्द' भी कहते हैं। जैसे - (1) पृथ्वी - भू, धरा
(2) पेड़ - तरु, वृक्ष

नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ें और लिखकर याद करें -

| | शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| 1 | ईश्वर | प्रभु, भगवान, परमात्मा |
| 2 | चंद्रमा | चाँद, शशि, सोम |
| 3 | आकाश | नभ, आसमान, गगन |
| 4 | आग | अग्नि, अनल, पावक |
| 5 | आँख | लोचन, नेत्र, नयन |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | कमल | सरोज, पंकज, नीरज |
| 7 | जल | पानी, नीर, सलिल |
| 8 | सूर्य | रवि, भास्कर, दिनकर |
| 9 | मित्र | दोस्त, सखा, साथी |

कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द खाली स्थान में भरिए -

[ समान, आग, पर्यायवाची, सखा ]

1 समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द ____ शब्द कहलाते हैं।

2 अनल और पावक ____ के समानार्थक शब्द हैं।

3 पृथ्वी, भू और धरा इन शब्दों के अर्थ ____ हैं।

4 मित्र को दोस्त और ____ भी कहते हैं।

सही मिलान करो -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सूर्य | शशि, सोम |
| 2 | जल | गगन, नभ |
| 3 | कमल | नेत्र, लोचन |
| 4 | आकाश | रवि, भास्कर |
| 5 | चंद्रमा | नीर, पानी |
| 6 | आँख | नीरज, पंकज |

## पाठ-18 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' भाषा को सही व संक्षिप्त रूप प्रदान करने में सहायता करते हैं, इन्हें 'वाक्यांश' भी कहते हैं। ये 'वाक्यांश' भाषा को सुंदर अर्थ प्रदान करते हैं। जैसे -

(1) जो भारत का रहने वाला हो अर्थात - 'भारतीय'

(2) जो विदेश से आया हो अर्थात - 'विदेशी'

इससे यह पता चल रहा है कि कई बार अनेक शब्दों में कही जाने वाली बात को एक शब्द में भी कहा जा सकता है।

1. दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द को पढ़कर लिखें व याद करें -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जो महीने में एक बार हो | मासिक |
| 2 | जो मांस खाता हो | मांसाहारी |
| 3 | जो वर्ष में एक बार हो | वार्षिक |
| 4 | जो रोगियों का इलाज करता हो | चिकित्सक |
| 5 | जो व्यक्ति खेती-बाड़ी करता हो | किसान |
| 6 | जो व्यक्ति काम से जी चुराता हो | कामचोर |
| 7 | जो व्यक्ति पढ़ाने का काम करता हो | अध्यापक |
| 8 | जो सोने-चाँदी के आभूषण बनाता हो | सुनार |
| 9 | जो व्यक्ति केवल शाक-सब्जियाँ खाता हो | शाकाहारी |
| 10 | जो साथ पढ़ता हो | सहपाठी |
| 11 | जो व्यक्ति कपड़े धोता हो | धोबी |
| 12 | जल में रहने वाला | जलचर |

२. सही मिलान कीजिए -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जो महीने में एक बार हो | जलचर |
| 2 | जो मांस खाता हो | धोबी |
| 3 | जो साथ पढ़ता हो | किसान |
| 4 | जल में रहने वाला | वार्षिक |
| 5 | जो व्यक्ति कपड़े धोता हो | मांसाहारी |
| 6 | जो व्यक्ति खेती-बाड़ी करता हो | सहपाठी |
| 7 | जो वर्ष में एक बार हो | मासिक |

3. सही विकल्प चुनिए -

1- पढ़ाने वाले व्यक्ति को कहते हैं -
(अ) वकील ☐ (ब) अध्यापक ☐

2- जो रोगियों का इलाज करता है -
(अ) चिकित्सक ☐ (ब) गायक ☐

3- केवल शाक-सब्जी खाने वाले के लिए एक शब्द होगा -
(अ) सब्जीवाली ☐ (ब) शाकाहारी ☐

4- सोने-चाँदी के आभूषण बनाने वाला कहलाता है -
(अ) कुम्हार ☐ (ब) सुनार ☐

5- काम से जी चुराने वाले को कहते हैं -
(अ) कामचोर ☐ (ब) मजदूर ☐

END